
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 29.08.2022 से 04.09.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## परिवार पहचान पत्र की समीक्षा बैठक
(दिनांक 29.08.22)



**विषय: परिवार पहचान पत्र की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने परिवार पहचान पत्र की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज के हर परिवार के उत्थान और अंतिम व्यक्ति के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने की प्रतिबद्धता के तहत राज्य सरकार ने एक व्यापक कार्य योजना तैयार की है, जिसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन पर जोर देते हुए प्रत्येक नागरिक का सर्वांगीण विकास व कल्याण सुनिष्चित किया जाएगा। इसके लिए परिवार पहचान पत्र में एकत्रित नागरिकों के डाटा को आयु वर्ग के अनुसार 5 वर्गों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक वर्ग का जिम्मा एक विभाग को सौंपा गया है। प्रत्येक विभाग आयु वर्ग के अनुसार उसकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार इत्यादि सभी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाने के साथ–साथ इनका संपूर्ण रिकॉर्ड भी रखेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 6 साल तक की आयु के बच्चों का जिम्मा महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपा गया है। विभाग इन बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोशण पर




विशेष ध्यान रखेगा। साथ ही, विभाग हर बच्चे की ट्रैकिंग भी रखेगा कि वह बच्चा 6 साल तक की आयु तक घर पर, आंगनवाड़ी में या स्कूल में जा रहा है और उसे जरूरी पोशक आहार उपलब्ध हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि बच्चों को यदि शुरुआत में ही अच्छा पोषण और शिक्षा मिलेगी तो उसकी बुनियाद मजबूत बनेगी और वे जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सब गतिविधियों को अमल में लाने के लिए जल्द एक कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वित करें। इसके अलावा उन्होंने बच्चों की डे–केयर के लिए क्रैच स्थायपित करने की प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, उससे भी कई अधिक स्कूली शिक्षा का महत्व है। इसलिए कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इस विजन के साथ 6 साल से 18 वर्श तक की आयु वर्ग के बच्चों का जिम्मा स्कूल शिक्षा विभाग को सौंपा गया है। विभाग हर बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की विशेष ट्रैकिंग रखेगा, ताकि ड्रॉप आउट दर को कम किया जा सके। विभाग के पास हर बच्चे का डाटा रहेगा कि वह स्कूल या आईटीआई या अन्य किसी संस्थाान में शिक्षा ग्रहण कर रहा है या नहीं। उन्होंने अधिकारियों को

# साप्ताहिक सूचना पत्र

ट्रैकिंग के लिए विशेष सैल स्थापित करने तथा एसओपी बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, 18 साल से 24 साल आयु वर्ग तक के बच्चों का जिम्मा उच्चतर शिक्षा विभाग और 25 साल से 60 वर्ष तक आयु वर्ग का जिम्मा रोजगार विभाग को सौंपा गया है। यह विभाग युवाओं के रोजगार के साथ साथ उनके कौशल विकास पर भी जोर देंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र ऑथोरिटी द्वारा इन विभागों को हर माह डाटा प्रेशित किया जाएगा। विभाग अपने स्तर पर यह गतिविधियां अमल में लाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र में डाटा गलत होने या डाटा में बदलाव करने संबंधित नागरिकों द्वारा आवेदन में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के लिए जिला स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त के नेतृत्व में शिकायत निवारण सैल स्थापित किया जाए। बैठक में बताया गया कि जल्द ही परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर चेटबॉट शुरू किया जाएगा, जिसमें आम बोल चाल की भाशा में बात करके नागरिक पीपीपी से संबंधित कोई भी सवाल का जबाब प्राप्त कर सकेंगे और अपनी शिकायत का समाधान कर सकेंगे। इस चौटबॉट में हिन्दी, पंजाबी और अंग्रेजी भाषा को जोड़ा जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस
**(दिनांक 29.08.22)**



**विषय: राष्ट्रीय खेल दिवस।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश के लोगों, विशेषकर खिलाडियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेल जगत में 'हॉकी के जादूगर' के नाम से जाने जाने वाले मेजर ध्यानचंद

के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की 'पदक लाओ, पदक बढाओ' नीति की पूरे देश में सराहना हो रही है। इससे खेल के प्रति खिलाडियों का और भी ज्यादा उत्साह बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब तो हरियाणा को देश व विदेश में खिलाडियों की खान कहा जाने लगा है। यहां के खिलाडियों ने हर प्रकार के खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाडियों के लिए यह भी गर्व का विषय है कि खेल राज्य मंत्री भी स्वयं हॉकी के खिलाड़ी रहे हैं।

## बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक

(दिनांक 30.08.22)




**विषय: बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने बजट के दौरान की गई घोषणाओं पर एक–एक विभाग के अनुसार संबंधित अधिकारियो के साथ समीक्षा की व अधिकारियों को उन पर समयबद्ध तरीके से काम करने और पूरा करने के निर्देश भी दिए जोकि निम्न प्रकार से है:–

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि हर परिवार के सिर पर छत देना हमारा लक्ष्य है, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग जल्द से जल्द इस काम को पूरा करे। उन्होंने कहा कि हाउसिंग फॉर ऑल विभाग सर्वे का



कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करे। तत्काल प्रभाव से विभाग इसको लेकर स्कीम तैयार करे। उन्होंने कहा कि विभाग शहर अनुसार सूची तैयार करे कि कहां कितने मकानों की जरुरत है। उसके अनुसार फिर जमीन खरीद की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग को स्कूल, कॉलेज, आईटीआई में छात्राओं को परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश दिए। उन्होने कहा कि तीनों विभाग सर्व प्रथम नोडल अधिकारी नियुक्त करे, जो इस पूरी प्रक्रिया को संभाले। ब्लॉक वाइज फुल टाइम टेबल तैयार किया जाए। इसके पश्चात तीनों विभाग परिवहन विभाग के साथ मिलकर एक संयुक्त बैठक करे और इन शैक्षणिक संस्थानों में परिवहन की व्यवस्था को सुनिष्चित करे।

मुख्यमंत्री जी ने स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को विशेष तौर पर मॉडल संस्कृति स्कूलों की संख्या बढ़ाने को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य तेजी से किया जाना चाहिए। स्कूलों की संख्या में इजाफे के साथ–साथ इन स्कूलों के स्टैंडर्ड में भी इजाफा होना चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज हर परिवार को फूड टेस्टिंग की जरुरत पड़ती है। स्वास्थ्य विभाग अपनी टेस्टिंग सुविधा को और सुदृढ़ करे ताकि कोई भी व्यक्ति पानी,

दूध, मिठाई या खाने योग्य अन्य पदार्थों को टेस्ट करवा सके। इस टेस्टिंग की प्रक्रिया को सरल बनाना चाहिए ताकि रिपोर्ट भी जल्द से जल्द मिले। टेस्टिंग सुविधा नजदीक से नजदीक उपलब्ध होगी तो मिलावटखोरी पर भी लगाम लगेगी।
मुख्यमंत्री जी ने 1 लाख 80 हजार रुपये या उससे कम आयु वर्ग के परिवार के सदस्यों का फ्री मेडिकल हैल्थ चौकअप कराया जाए। जिस महीने में परिवार के जिस भी सदस्य का जन्मदिन हो, उसी महीने उसका मेडिकल चौकअप किया जाए। यह प्रक्रिया साल भर चलेगी और इससे सभी पात्र परिवार के सदस्य कवर हो जाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य विभाग को यह योजना जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं।
मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के बड़े अस्पतालों में विश्राम स्थल व सराय बनाने के लिए तत्काल मॉडल तैयार किया जाए। इसके लिए विभाग जमीन, उसके डिजाइन और संचालन व रखरखाव को लेकर मॉडल बनाए। इस कार्य को तत्काल पूरा करके, अस्पतालों में सराय की व्यवस्था करने का काम करे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इनमें कमरों की व्यवस्था भी की जाए। इनके संचालन या निर्माण में यदि कोई प्राइवेट कंपनी अपने सीएसआर फंड से योगदान करना चाहे तो उन्हें भी इसमें जोड़ा जाए।

## इंडोनेशिया के राजदूत से मुलाकात

(दिनांक 31.08.22)



**विषय: इंडोनेशिया के राजदूत से मुलाकात।**

**प्रभाव:** भारत में इंडोनेशिया के राजदूत इना हगनिंग्यास कृष्णमूर्ति ने मुख्यमंत्री जी के आवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच कई वर्षों से घनिष्ठ सांस्कृतिक

# साप्ताहिक सूचना पत्र



और वाणिज्यिक संपर्क रहे हैं। उन्होंने इन्डोनेशिया से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की सम्भावनाएं तलाशने और सहयोग करने पर बल दिया।

इंडोनेशिया के राजदूत ने हरियाणा और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। सुश्री कृष्णमूर्ति ने कहा कि हम हरियाणा को इंडोनेशिया में फार्मा, एफएमसीजी, मेडिकल और अन्य कमोडिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हैं ताकि हम आपसी विकास के लिए इन क्षेत्रों के विकास में तेजी ला सकें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बी2बी, जी2जी, बी2जी आदि व्यवसायों के विभिन्न मॉडलों में से हम हरियाणा में एच2एच यानी हार्ट टू हार्ट मॉडल से काम करने में विश्वास करते हैं। उन्होंने सुश्री कृष्णमूर्ति को आश्वासन दिया कि निवेश के अन्य क्षेत्रों की खोज की संभावनाओं पर भी दोनों ओर से प्रशासनिक स्तर पर बैठकों में चर्चा की जाएगी।

सुश्री इना हाग्निनिंग्टस कृष्णमूर्ति जी ने मुख्यमंत्री जी को इंडोनेशिया की एक स्मारिका भेंट स्वरूप् दी। मुख्यमंत्री जी ने इंडोनेशिया के राजदूत को भगवद् गीता की पवित्र पुस्तक भेंट की। इंडोनेशिया की राजदूत के साथ कांउसलर ऐरी हेरजूनो, ट्रेड अटेची बोना कुसुमा भी थे।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने सौंपी रिपोर्ट

(दिनांक 31.08.22)



**विषय: राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने सौंपी रिपोर्ट।**

**प्रभाव:** हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण देने के संबंध में प्रदेश भर में लोगों से रूबरू होकर एकत्र किए गए सुझावों के आधार पर तैयार की गई अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री जी को सौंप दी है।

पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन सेवानिवृत न्यायाधीश श्री दर्शन सिंह की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग के लोगों को पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में आरक्षण का लाभ देने के लिए राज्य भर में लोगों से सुझाव एकत्र किए गए। इसके अलावा राष्टीय व राज्य स्तरीय विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से भी सुझाव लिए गए। आयोग के पदाधिकारियों ने प्रदेश भर से एकत्र सुझावों के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट मुख्यमंत्री जी को सौंपी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान पर बैठक

(दिनांक 31.08.22)




**विषय: गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान पर बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गति शक्ति के संबंध में सभी अधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान एक ऐसा डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से देश व प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी। उन्होंने हरियाणा, उद्योग और वाणिज्य विभाग को गति शक्ति मिशन के लिए ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) से सभी विभागों से जुड़े डाटा लेयर को तत्काल अपलोड करने के निर्देश दिए।

बैठक में हरियाणा, उद्योग और वाणिज्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान को लेकर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी सांझा की। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद मोहन शरण ने बताया कि गति शक्ति मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 28 विभागों को जीआईएस आधारित डाटा लेयर को पीएम गति शक्ति पोर्टल पर अपलोड करना था। विभाग ने अभी तक 23 विभागों के डाटा को अपलोड कर दिया है। जिसमें मुख्यतः रिवेन्यू विभाग, वन विभाग, बिजली विभाग, खनन, टूरिज्म, नहरी विभाग, एचएसआईआईडीसी आदि

# साप्ताहिक सूचना पत्र

विभाग मुख्य है। अभी 5 विभागों का डाटा अपलोड होना बाकि है, इस पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने इन बचे हुए विभागों का डाटा भी जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान को दूरगामी सोच के साथ शुरू किया है। आज यदि गति शक्ति पोर्टल पर अलग–अलग विभागों से जुड़ा डाटा अपलोड होगा तो भविश्य में कोई भी प्रोजेक्ट बनाने में आसानी होगी। किसी भी जगह का आसानी से आंकलन किया जा सकेगा कि कहां पर रेलवे लाइन है, कहां एयरपोर्ट है, किस जगह को वन क्षेत्र घोषित किया गया है, किस जगह पानी की पाइपलाइन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान भविष्य के प्रोजेक्ट को गति देगा। यह इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी विकास योजनाओं की प्लानिंग को और आसान कर देगा। प्रत्येक विभाग को इस मास्टर प्लान से जुड़े डाटा को तत्काल पोर्टल पर अपडेट करना चाहिए।

## मंत्रिमण्डल की बैठक
(दिनांक 31.08.22)

**विषय: मंत्रिमण्डल की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जोकि निम्नप्रकार से हैंरू –

**हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान करना।**

बैठक में पंचायती राज संस्थानों में पिछड़ा वर्ग (ए) के राजनीतिक आरक्षण अधिकारों



# साप्ताहिक सूचना पत्र



को सुनिष्चित करने के लिए इस संबंध में हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की गई। आयोग ने पाया कि पिछड़ा वर्ग ब्लॉक–ए (बीसी–ए) के लोगों को राजनीतिक सेटअप में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने के कारण उन्हें पंचायती राज संस्थानों में राजनीतिक आरक्षण प्रदान करने की आवष्यकता है।

**हरियाणा एयरपोर्ट विकास लिमिटेड कम्पनी का गठन।**

बैठक में हरियाणा सरकार के अधीन हवाईअड्डों व हवाई पट्टियों के हेलीपैडों के विकास कार्यों के साथ–साथ भारत सरकार के अधीन एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित करने जैसी अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए हरियाणा विमानपत्तन विकास निगम लिमिटेड कम्पनी गठन को स्वीकृति प्रदान की।

इसके अलावा, नागरिक उड्डयन विभाग और राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास निगम लिमिटेड (एनआईसीडीसी) एक संयुक्त उद्यम के माध्यम से अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कोरिडोर परियोजना पर कार्य करेंगे। निगम हरियाणा के हिसार और अन्य हवाई क्षेत्रों में एकीकृत विमानन हब की स्थापना और संचालन के उद्देष्य से उपरोक्त निगम की स्थापना के प्रमुख प्राथमिक उद्देष्य राज्य सरकार की हवाईअड्डा परियोजनाओं, संयुक्त उद्यम परियोजनाओं का प्रबंधन, विनियमन और कार्यान्वयन करना है। इसके अलावा, निगम हवाई अड्डों के संचालन, रखरखाव, विकास, डिजाइन, निर्माण, उन्नयन,

आधुनिकीकरण और प्रबंधन में सहायता करेगा।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग (कार्यों की सीमा) विनियम, 1973 में संषोधन के लिए एक्स–पोस्ट (घटनोत्तर) स्वीकृति प्रदान करना।**

इस संशोधन के अनुसार हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के बजाय एचपीएससी को पोस्ट ग्रेजुएट टीचर ग्रुप–बी विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया का संचालन करने के लिए अनिवार्य किया गया है। अन्य सभी ग्रुप–बी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया एचपीएससी द्वारा आयोजित की जा रही है।

**हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की वर्ष 2017–18 के वार्षिक लेखे राज्य विधानसभा के पटल पर रखने की स्वीकृति प्रदान करना।**

1 सितंबर को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की वर्श 2017–18 के वार्षिक लेखे राज्य विधानसभा के पटल पर रखने की स्वीकृति प्रदान की गई।

हरियाणा खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के वार्षिक लेखा परीक्षित खातों को भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक (कर्तव्यों, शक्तियों और सेवा की शर्तों) अधिनियम, 1971 की धारा 19ए (3) में निहित प्रावधानों के अनुसार राज्य विधानमंडल के समक्ष रखा जाना आवष्यक है।

मंत्रिमंडल ने वैधानिक निकायों के खातों के ऐसे विवरणों को स्वीकृति देने के लिए अधिकार प्राप्त कैबिनेट उप–समिति अधिकृत करने का भी निर्णय लिया, जिन्हें हरियाणा विधान सभा के समक्ष रखने की आवष्यकता है।

**हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन नियम, 2016 में संषोधन को स्वीकृति**

1 सितम्बर को हुई बैठक में हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन नियम, 2016 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई।

राज्य सरकार ने हरियाणा उद्यम संवर्धन अधिनियम, 2016 और संबंधित नियमों को अधिनियमित किया है ताकि राज्य में एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र सृजित किया जा सके जो कारोबार करने की सहुलियत से मेल खाता हो और साथ ही व्यवसाय करने में होने वाली देरी के साथ–साथ लागत को कम करने के लिए श्रेश्ठ वैश्विक मानकों से भी बेहतर हो।

हरियाणा उद्यम संवर्धन बोर्ड (एचईपीबी) का गठन हरियाणा उद्यम संवर्धन

अधिनियम, 2016 की धारा 3 के तहत किया गया है और उक्त अधिनियम की धारा 4 के तहत अधिकार प्राप्त कार्यकारी समिति (ईईसी) का गठन किया गया है।

**हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड को 500 करोड़ रुपये की नकद ऋणध्वर्किंग केपिटल की स्वीकृति।**

1 सितम्बर को हुई बैठक में हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) को पूर्व भूमि मालिकों को बढ़े हुए मुआवजे का भुगतान करने और हरियाणा राज्य में औद्योगिक संपदाओं में बुनियादी सुविधाओं के विकास करने और भूमि अधिग्रहण हेतू 500 करोड़ रुपये की नकद ऋणध्वर्किंग केपिटल की स्वीकृति प्रदान की है।

**पंचायती राज संस्थानों में पिछड़ा वर्ग (ए) के राजनीतिक आरक्षण अधिकारों को मंजूरी**

1 सितम्बर हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में पंचायती राज संस्थानों में पिछड़ा वर्ग (ए) के राजनीतिक आरक्षण अधिकारों को मंजूरी प्रदान की गई। हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 9, 59 तथा 120 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। यह अध्यादेश अब पंचायती राज (संशोधित) अध्यादेश, 2022 कहलाएगा।

---


## पंचकूला की रेहड़ी मार्केट में लगी आग से प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात

(दिनांक 02.09.22)

**विषय: पंचकूला की रेहड़ी मार्केट में लगी आग से प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला पहुंचकर सेक्टर–9 स्थित रेहड़ी मार्केट में गुरुवार रात लगी आग से प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर दुख जताया और कहा कि इस दुख की घड़ी में हरियाणा सरकार दुकानदारों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री

# साप्ताहिक सूचना पत्र




ने सरकार की ओर से सभी प्रभावित करीब 100 दुकानदारों को 25 हजार रुपए प्रारंभिक राहत प्रदान करने की घोषणा की। वहीं मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना के जरिए प्रभावित दुकानदारों की वित्तीय सहायता का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन करने के बाद दुकानदारों की वित्तीय सहायता की जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के दृष्टिगत सरकार द्वारा समय–समय पर कदम उठाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों और दुकानदारों के लिए मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना चलाई जा रही है। इसके तहत उनकी संपत्ति का नुकसान होने पर उन्हें बीमा प्रदान किया जाता है। योजना के तहत व्यापारी का सामान चोरी होने और आग लगने से नुकसान आदि के मामले में उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अमृत काल संकल्प रैली का आयोजन

(दिनांक 02.09.22)



**विषय: अमृत काल संकल्प रैली का आयोजन।**

**प्रभाव:** माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयप्रकाश नड्डा जी ने अपने हरियाणा के दो दिवसीय प्रवास के दौरान आज कैथल पहुंचकर अमृतकाल संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री जी ने देश व प्रदेश में राजनीतिक संस्कृति को बदलने का कार्य किया है। विकास के दृष्टिगत समूचे देश व प्रदेश में पारदर्शी प्रणाली से व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब संबंधित व्यक्ति को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। बिचौलिया राज को खत्म किया गया है। वर्तमान परिवेश में भारत देश लेने वाला नहीं, बल्कि दुनिया को कुछ न कुछ देने वाला राष्ट्र बन गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी के लिए कैथल में 997 करोड़ रुपये से मेडिकल कॉलेज का निर्माण होगा। इस रैली में मुख्यमंत्री जी ने भी विशेष रूप से शिरकत की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र



राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कहा कि सरकार ने देश व प्रदेश की धरा से जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाई–भतीजावाद को समाप्त करके प्रत्येक वर्ग के कल्याणार्थ अनेकों योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। आज के समय में देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा हरियाणा प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया को नई दिशा दे रहा है। प्रतिदिन 37 किलोमीटर हाईवे, 9.5 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए जा रहे हैं, जल्द ही 220 नए एयरपोर्ट बनाए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आज देश व प्रदेश में करोड़ों रुपये का विदेशी निर्यात हो रहा है। पिछले दिनों लंदन में हुए कॉमनवेल्थ खेलों में देश के खिलाड़ियों ने 22 गोल्ड मेडल जीतने का कार्य किया। हरियाणा प्रदेश खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कर रहा हैं आज खेलों का मतलब ही हरियाणा है। हरियाणा प्रदेश की खेल नीति से प्रभावित होकर उसका अनुसरण दूसरे प्रदेश भी कर रहे हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चल रहे हैं। ओबीसी को संवैधानिक दर्जा भी मोदी सरकार ने दिया है। प्रधानमंत्री आवास शहरी व ग्रामीण योजना के तहत अढ़ाई करोड़ से अधिक मकान बनाए जा चुके हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विकास की गति को यूं ही निरंतर चलाते हुए गति शक्ति योजना से 100 लाख करोड़ खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। आज हरियाणा पूरी तरह से ओडीएफ हो चुका है, जिसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनके साथ मुख्यमंत्री जी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री जी ने रैली में पहुंची जनता का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह बेहद सुखद अनुभव है कि महज तीन दिन की सूचना पर इतनी बड़ी रैली आयोजित की गई और इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 2014 से उन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब सरकार बनी तो उन्होंने सोच लिया था कि हरियाणा के लोगों को जात–पात में नहीं बंटने देंगे। तभी उन्होंने हरियाणा एक– हरियाणवी एक का नारा आगे बढ़ाया। हमें खुशी है कि हमने 8 साल में प्रदेश को जातिगत घुण को स्पर्श नहीं होने दिया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोगों के जीवन में सरलता कैसे लाई जाए, हरियाणा की छवि कैसे बदली जाए, हमने इस पर काम किया। 2014 से पहले हरियाणा की विशेष तरह की छवि थी। उस छवि को बदलने की प्रेरणा भी हमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मिली। प्रधानमंत्री के आह्वान पर हमने इसे बदलकर दिखाया। हमने यह भी कर के दिखाया कि सरकार कैसे काम करती है। सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्होंने हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। सरकार इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। लगभग जिलों में या तो मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके हैं, या उनमें मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में काम चल रहा है। कैथल जिले में भी मेडिकल कॉलेज की नींव रख दी है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हर गरीब परिवार की बीमारी पर आने वाले खर्च की 5 लाख तक की जिम्मेदारी केंद्र सरकार ने ली है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्होंने नई एजुकेशन पॉलिसी, हायर एजुकेशन, टेक्निकल एजुकेशन आदि हर क्षेत्र में काम किया है। आज हर युवा को रोजगार की जरूरत है इसलिए सरकार युवाओं के स्किल डेवलपमेंट पर जोर दे रही है। हर आदमी को हुनर सीखने की जरूरत है ताकि आगे बढ़ सके। 8 साल में करीब 6 लाख से ऊपर लोगों को प्राइवेट रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अग्निवीर योजना से 4 साल की नौकरी करके आने वाले युवाओं को गारंटी नौकरी देने की घोषणा की है। शिक्षा के स्तर को और ऊपर उठाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नौकरियों में ठेकेदारी प्रथा को खत्म किया और रोजगार कौशल निगम बनाया। अब सरकारी विभागों में कच्चे कर्मचारियों की भर्ती इसी के माध्यम से की जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने भ्रष्टाचार पर चोट की है। भ्रष्टाचार समाज का दुश्मन है। इसे खत्म करने के लिए हमने ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की है। भ्रष्टाचार करने वालों को सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। फिर चाहे वह नेता हो, कर्मचारी हो या समाज का बड़ा आदमी हो। भ्रष्टाचार को हरियाणा में रहने नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज समाज का हर वर्ग सरकार से खुश है।

## परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

(दिनांक 04.09.22)



**विषय: परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज लगभग 2000 करोड़ रुपए की पुरे हरियाणा की 174 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री जी ने सरकारी प्रोजेक्ट्स में

# साप्ताहिक सूचना पत्र




पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिष्चित करने के साथ–साथ संभावित भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए क्वालिटी कंट्रोल अथॉरिटी बनाने की घोषणा भी की है। यह अथॉरिटी समय–समय पर प्रोजेक्ट्स की चौकिंग करेगी और अगर कोई खामी पाई जाती है तो दोशी अधिकारियों को पकड़ेगी और उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी। यह बात माननीय मुख्यमंत्री जी ने रविवार को करनाल में डॉ. मंगल सेन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 174 विभिन्न परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनता से कही। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारे सिस्टम में वर्शों से भ्रष्टाचार नाम का दीमक अंदर तक घुसा है हालांकि वर्तमान प्रदेश सरकार ने कई ऐसे काम किए जिससे इससे छुटकारा मिला। चाहे ट्रांसफर माफिया, इंजनीयिरिंग निर्माण के काम में सांठगांठ, कांट्रेक्ट्र या सरकारी कर्मचारी की मिलीभगत आदि पर काफी हद तक लगाम लगाई है। सरकार ने इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल बनाया है जिससे सरकारी प्रोजेक्टस के आवंटन में पारदर्शी बढ़ेगी। अब निर्माण कार्य के टेंडर ऑनलाइन होंगे। इसके माध्यम से कांट्रेक्टर्स अपनी कोटेशन भर सकेंगे और उन्हें अधिकारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से भी इसमें सहयोग का आह्वान किया और कहा कि हम ऐसा तंत्र विकसित करेंगे जिसमें जनता प्रोजेक्ट्स की क्वालिटी, भ्रष्टाचार, मिक्सिंग या सब स्टैंडर्ड की जानकारी एक पोर्टल पर देगी।




उस जानकारी की प्रारंभिक जांच की जाएगी और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो सरकारी नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी, आवष्यकता पड़ी तो उस प्रोजेक्ट को दोबारा बनाया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, परिवहन व ढांचागत विकास की 174 परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए गए। इन परियोजनाओं पर 2000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आएगी। इस दौरान जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें उपमुख्यमंत्री, मंत्री और सांसद एवं विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री जी ने इस एतिहासिक अवसर पर कहा कि सरकार सबका साथ और सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए प्रदेश को और सशक्त बनाने के संकल्प पर आगे बढ़ रही है। सरकार का ध्येय है कि प्रदेश का कोई हिस्सा विकास परियोजनाओं से अछूता ना रहे। उन्होंने कहा कि विकास के कार्य एक जिले में नहीं बल्कि पूरे हरियाणा में हो रहे हैं। देश के विकास में इंफ्रास्ट्रक्चर का महत्वपूर्ण योगदान है जितना इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा उतनी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, उद्योग आएगा, निवेशक आकर्शित होंगे और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की कहानी कहीं ना कहीं इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी है। इसलिए प्रदेश

# साप्ताहिक सूचना पत्र




सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित होने वाले बजट में लगातार बढ़ोतरी की है। इस बार के बजट में 34.4 प्रतिशत बजट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रखा गया है।

मुख्यमंत्री जी ने जिन परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए उनमें रैवेन्यू विभाग के 128 करोड़ रुपए के 9 प्रोजेक्ट्स, शिक्षा (एचएसएसपी) के 22 करोड़ रुपए के 6 प्रोजेक्ट्स, शिक्षा विभाग के 28 करोड़ की लागत के 7 प्रोजेक्ट्स, उच्च शिक्षा विभाग के 9 करोड़ की लागत के 2 प्रोजेक्ट्स, तकनीकी शिक्षा विभाग के 8 करोड़ रुपए के 2 प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। वहीं HVPN, DHBVN और UHBVN के 375 करोड़ की लागत के 37 प्रोजेक्ट्स, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के 439 करोड़ रुपए की लागत की 19 परियोजनाएं, हरियाणा राज्य सड़क और पुल विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 146 करोड़ रुपए की लागत के 2 प्रोजेक्ट्स, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के 101 करोड़ रुपए की लागत के 5 प्रोजेक्ट्स, सिंचाई विभाग के 168 करोड़ रुपए के 22 प्रोजेक्ट्स, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के 6 प्रोजेक्ट्स, स्वास्थ्य विभाग के 291 करोड़ रुपए के 15 प्रोजेक्ट्स, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान और विकास व पंचायत विभाग के एक–एक प्रोजेक्ट्स, विकास और पंचायत (पंचायती राज) के 4 प्रोजेक्ट्स, पुरातत्व और संग्रहालय विभाग का एक, परिवहन विभाग के दो, शहरी स्थानीय निकाय और HSIIDC के दो–दो प्रोजेक्ट्स, एचएसवीपी और कृषि

# साप्ताहिक सूचना पत्र

विभाग के एक–एक, कृशि (HSAMB) और मेवात विकास प्राधिकरण (एमडीए) के तीन प्रोजेक्ट्स शामिल है। इसके साथ ही करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 197 करोड़ की लागत के 11 प्रोजेक्टस शामिल हैं।

आज जिन परियोजनाओं के मुख्यमंत्री ने उद्घाटन और शिलान्यास किए उनमें मुख्यत चरखी दादरी जिला में रेवेन्यू विभाग द्वारा बनाए जाने वाले नए सचिवालय भवन का शिलान्यास, फतेहाबाद के सेक्टर–9 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 234 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 200 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल का शिलान्यास, फतेहाबाद में ट्रासपोर्ट विभाग द्वारा 20 करोड़ रुपए से बनाए गए नए बस स्टैंड का उद्घाटन, हिसार में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के चार सब स्टेशनों का शिलान्यास, सिविल अस्पताल बहादुरगढ़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब 3 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित आईसीयू/एचडीयू के नए भवन, प्रथम तल और ट्रॉमा सेंटर का उद्घाटन, जींद के सिनसर, कर्मगढ़, करसिंधु और रामराई में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 115 करोड़ रुपए की लागत से बने प्राइमरी हेल्थ सेंटर का उद्घाटन, सफीदों में रेवेन्यू विभाग द्वारा करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से एसडीओ सिविल कॉम्प्लेक्स में प्रशासनिक ब्लॉक (एसडीएम कार्यालय) का उद्घाटन, रैवेन्यू विभाग द्वारा कलायत में करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से बने एसडीओ सिविल कॉपलेक्स का उद्घाटन शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 37 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाने वाले इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास, मारकंडा नदी पर एचएल ब्रिज और गांव बीर मथाना, निर्वाचन क्षेत्र लाडवा में नए स्कूल भवन का उद्घाटन, महेंद्रगढ़ में आवासीय सुविधा के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मलरा बास का उद्घाटन, सतनाली और सहलांग में सरकारी आईटीआई का उद्घाटन, नूंह में पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) द्वारा करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से गुरुग्राम–अलवर से नई बाईपास सडक़ के निर्माण का शिलान्यास, सीएचसी पुन्हाना में 6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एएनएम ट्रेनिंग स्कूल और छात्रावास का उद्घाटन, पलवल के उटावाड़, कलसडा और चौंनसा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्मित पीएचसी का उद्घाटन, 47 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 220 केवी एआईएस सब

# साप्ताहिक सूचना पत्र

स्टेशन हरफाली का शिलान्यास, पंचकूला में UHBVN के हेड ऑफिस की बिल्डिंग और मोरनी में थंडोग से धार स्कूल तक लिंक रोड का उद्घाटन, पानीपत में 8 स्थानों पर UHBVN के 33 केवी सब स्टेशनों का उद्घाटन, रेवाड़ी में सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की 66 करोड़ रुपए की लागत की नहर आधारित जलापूर्ति योजना उद्घाटन, रोहतक में 10 एमएलडी मौजूदा एसटीपी पर 23 करोड़ रुपए की समुदाय आधारित सौर/ग्रिड पावर्ड एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई बुनियादी ढांचा परियोजना का शिलान्यास, सोनीपत के गांव जुआँ में नए बने आईटीआई भवन का उद्घाटन, यमुनानगर के छपड़ में बने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, जगाधरी के सरस्वती नगर में बने बस स्टैंड और नचरौन में आईटीआई का उद्घाटन किया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इस तरह से वर्चुअल तरीके से उद्घाटन व शिलान्यास के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिनमें हजारों करोड़ की परियोजनाएं प्रदेशवासियों को समर्पित की गई। इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे मुख्यमंत्री का मकसद सुशासन के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए कम समय में अधिक से अधिक विकास कार्यों को अंजाम देना है। वहीं ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से समय की बचत के साथ–साथ कार्यक्रमों पर होने वाले खर्च में भी कटौती होती है। वहीं मुख्यमंत्री के दौरे के चलते प्रशासनिक अमले को भी उनके साथ रहना पड़ता है इसके चलते कई काम प्रभावित होते हैं। इसी के चलते मुख्यमंत्री ऑनलाइन माध्यम से परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हैं।

## भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति का किया अनावरण

(दिनांक 04.09.22)

**विषय: भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति का किया अनावरण।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने करनाल–कैथल रोड पर बने विश्वकर्मा चौंक पर भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति का अनावरण किया और नमन किया तथा उपस्थित लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस मौके पर श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सभा

# साप्ताहिक सूचना पत्र



रजिस्टर्ड करनाल के प्रधान वेदपाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हिन्दू धर्म में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि सोने की लंका का निर्माण इन्होंने ही किया था। भारतीय संस्कृति और पुराणों में भगवान विश्वकर्मा को यंत्रों का अधिष्ठाता और देवता माना गया है। उन्हें हिन्दू संस्कृति में यंत्रों का देव माना जाता है। आदि काल से ही भगवान विश्वकर्मा अपने विशिष्ट ज्ञान एवं विज्ञान के कारण ही न देवल मानवों अपितु देवगणों द्वारा भी पूजित और वंदनीय हैं। भगवान विश्वकर्मा के आविष्कार एवं निर्माण कार्यों के सन्दर्भ में इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, पाण्डवपुरी, सुदामापुरी और शिवमण्डलपुरी का उल्लेख है। पुष्पक विमान का निर्माण तथा सभी देवों के भवन और उनके दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएँ भी इनके द्वारा ही निर्मित हैं। कर्ण का 'कुण्डल', विष्णु भगवान का सुदर्शन चक्र, शंकर भगवान का त्रिशूल और यमराज का कालदण्ड इत्यादि वस्तुओं का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा ने ही किया है।